# जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग।

दूरभाष सं0:– 9939201624 / 06546291953 e-mail:- dlsahazaribag@gmail.com

**विज्ञापन संख्या–DLSA/HZB-01/2024 दिनांक:–06.09.2024**

आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि:– 06.09.2024

आवेदन पत्र कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि:– 17.09.2024

1. माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रॉची के पत्रांक 2524 दिनांक 03.09.2024 एवं NALSA Scheme For Para-Legal Volunteers (Revised) & Module for the Orientation–Induction–Refresher Courses For PLV Training के आलोक में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग में पारा लीगल वालन्टियर (PLV) के रूप में कार्य करने हेतु न्यूनतम अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों से विहित पत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
2. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2024 को न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए।
3. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक है तथा आवेदक को जिले की स्थानीय भाषाओं की जानकारी होनी चाहिए।
4. आवेदक भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो तथा नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजायाफ्ता ना हो। आवेदक का किसी राजनीतिक संगठन के साथ संबंद्ध न हो। विवाहित होने की स्थिति में, एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न हो।
5. आवेदक अपना स्वहस्तलिखित आवेदन–पत्र देवनागरी लिपि में प्रधान जिला न्यायधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग को सम्बोधित करते हुए विहित प्रारूप में "न्याय सदन" जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के कार्यालय में दिनांक 17.09.2024 तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं। साथ ही साथ आवेदक उक्त आवेदन–पत्र को दिनांक 17.09.2024 तक कार्यालय अवधि के दौरान अर्थात प्रातः 10:30 बजे से सायः 05:00 बजे तक हाथों–हाथ भी उक्त कार्यालय में जमा कर सकते हैं। **अंतिम तिथि अर्थात 17.09.2024 के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे।**
6. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र पर स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज का फोटो विहित स्थान पर चिपकाना अनिवार्य है। साथ ही साथ एक अतिरिक्त पासपोर्ट साईज का फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

7. आवेदन पत्र आवेदक द्वारा स्वहस्तलेख में भरा गया हो, छायाप्रति या टंकित (Printed) आवेदन–पत्र स्वीकृत नहीं किए जाएगें। साथ ही साथ अपूर्ण या अधूरे भरे हुए आवेदन पर भी विचार नहीं किया जाएगा।

8. शिक्षक, सेवानिवृत शिक्षक, सेवानिवृत सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्य विषय के छात्र व शिक्षक, आंगनबाडी सेविकाएं, चिकित्सक, विद्यार्थी/कानून के विद्यार्थी, गैर राजनीतिक संगठन तथा गैर सरकारी संगठन के कार्यकर्त्ता, महिला संगठन के कार्यकर्त्ता, स्वयं सहायता समूह के सदस्य के आवेदनकर्त्ता को प्राथमिकता दी जाएगी।

9. पी०एल०वी० के रूप में कार्य करने हेतु करूणा, सहानुभूति और तत्परता के साथ जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए एवं समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की मानसिकता होनी चाहिए।

10. झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय को छोड़कर कोई अन्य वेतन या पारिश्रमिक पी०एल०वी० को उसके कार्य हेतु देय नहीं होगा। वर्तमान में निर्धारित मानदेय रूपये 700/– प्रतिदिन है।

11. पी०एल०वी० के लिए चुने गए उम्मीवारों को आमलोगों और कानूनी सेवा संस्थानों के बीच सेतु के रूप में कार्य करना होगा।

12. आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण–पत्र (केवल आरक्षण श्रेणी के लिए), जन्म तिथि इत्यादि के समर्थन में प्रमाण–पत्रों एवं सरकार द्वारा निर्गत पहचान पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

13. **विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन–पत्र का प्रारूप, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट https://hazaribag.dcourts.gov.in पर उपलब्ध है, जिसे वहॉ से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही साथ उक्त विज्ञापन एवं प्रारूप जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।**

14. आवेदक को आवेदन–पत्र स्वीकार किए जाने की अंतिम तिथि अर्थात दिनांक 17.09.2024 तक वांछित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य है।

15. आवेदक द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी रूप से प्रभावित करने के प्रयास को उसकी अयोग्यता मानते हुए उसकी पात्रता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जाएगी।

16. लिफाफे के उपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम बड़े–बड़े एवं साफ अक्षरों में लिखा जाना अनिवार्य है।

17. वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के निर्देशानुसार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

18. परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय भत्ता देय नहीं होगा।

19. उपरोक्त वांछित सूचनाएँ किसी प्रकार से अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्संबंधी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा।

20. एक बार आवेदन–पत्र जमा/प्राप्त होने के पश्चात् उसमें दी गई किसी भी सूचना/ जानकारी में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

21. वर्तमान में 155 पारा लीगल वालन्टियर (PLV) की आवश्यकता है जिसे माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रॉंची के द्वारा घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

***22. आवेदक अपने द्वारा भरे गए आवेदन पत्र की छायाप्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे, जिसे साक्षात्कार के समय सरकार द्वारा निर्गत पहचान पत्र के साथ दिखाना अनिवार्य है।***

23. आवेदक अपना आवेदन पत्र निम्नलिखित पते पर भेजें:–

सेवा में,

प्रधान जिला न्यायधीश–सह–अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
''न्याय सदन'', व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग (झारखण्ड)
पिन कोड– 825301

**विशेष नोटः– विहित समय के अंदर प्राप्त आवेदनों की जॉच कर सही पाए गए आवेदकों की सूची साक्षात्कार की तिथि, समय एवं स्थान के साथ व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट https://hazaribag.dcourts.gov.in पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध करा दी जाएगी।**

**साक्षात्कार की तिथि 20, 21 एवं 22 सितंबर, 2024 निर्धारित है जिसमें आवश्यकता अनुसार परिर्वतन संभव है। अतः आवेदकों से अपेक्षा की जाती है कि अधिक/अग्रिम जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग की वेबसाइट https://hazaribag.dcourts.gov.in एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के कार्यालय से संपर्क में रहें।**

**किसी भी आवेदक को अलग से साक्षात्कार की सूचना नहीं दी जाएगी एवं ना ही प्रवेश पत्र र्निगत किया जाएगा।**

sd/-
**प्रधान जिला न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकार,**
**हजारीबाग।**

# पारा लीगल वोलन्टियर (PLV) हेतू आवेदन प्रपत्र

Paste your Selfattested Passport Size Recent Photograph

1. अभ्यर्थी का नाम :–
2. पिता का नाम / पति का नाम :–
3. माता का नाम :–
4. जन्म तिथि :– दिन माह वर्ष
5. लिंग :–
6. जाति :–
7. जनजाति भाषा का ज्ञान :–
8. राष्ट्रीयता :–
9. शैक्षणिक योग्यता का विवरण :–

| परीक्षा उत्तीर्ण | बोर्ड / विश्वविधालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अंक प्रतिशत | वर्ग / श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. वर्तमान या पूर्व सेवा का विवरण :–
11. विशेष योग्यता तथा अनुभव :–
    (यदि हो ता प्रमाण–पत्र संलग्न करें)
12. स्थानीय पता :–
13. स्थायी पता :–
14. संपर्क सूत्र :–
15. चयनित होने की स्थिति में कार्य स्थल की प्राथमिकता (प्राथमिकता को 1, 2 एवं 3 द्वारा दर्शायें)
    जिला स्तर ( ) प्रखण्ड स्तर ( ) ग्राम स्तर ( )

## घोषणा पत्र

मैं .......................................................................प्रमाणित करता / करती हूँ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गई विवरणी / जानकारी सही है। मैं यह भी घोषणा करता / करती हूँ कि मैं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग द्वारा प्रदत्त कार्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सद्भावना पूर्वक झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्रधिकार, रांची द्वारा निर्धारित मानदेय पर करूँगा / करूँगी तथा मेरे विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं हैं, ना ही मैं समक्ष न्यायालय द्वारा कभी दोष सिद्ध हुआ / हुई हूँ। मैं यह भी घोषणा करता / करती हूँ कि मेरा किसी राजनीतिक संगठन के साथ संबंद्ध नहीं है।

स्थान : **अभ्यार्थी का हस्ताक्षर**

दिनांक :